जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-4 जयपुर, सोमवार, 26 जनवरी, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## ग्राम ईटावा भोपजी में सीएचसी के नवीन भवन निर्माण का हुआ शिलान्यास

**जयपुर (हमारा वतन)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ईटावा भोपजी के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती,विधायक डॉ.शिखा मील बराला और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमि पूजन कर नवीन भवन की आधारशिला रखी गई।



अतिथियों द्वारा शिला पट्टिका का अनावरण कर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं के लिए 1 लाख भर्तियों के लिए कलेंडर जारी किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, चिकित्सा सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में आमंत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अविनाश गहलोत द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामना संदेश भेजा, जिसे कार्यक्रम में डीजे पर चलाकर सभी को सुनाया गया। स्थानीय सरपंच सुनीता राजकुमार सैनी ने अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पंचायत समिती प्रधान रामस्वरूप यादव, पूर्व IAS दामोदर शर्मा, CHC प्रभारी डॉ. विनोद सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव मौजूद रहे। इस दौरान साधु संतों की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईटावा भोपजी की पंचशीला सीएचसी कमेटी सदस्यों व उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में सीएचसी कमेटी द्वारा भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत इटावा भोपजी प्रशासकीय कमेटी सदस्य सहित हजारों ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## शिक्षक डॉक्टर अशोक पाल सिंह ने मनाया राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में पर्यावरणविद् और शिक्षक डॉ. अशोक पाल सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उत्सव का विषय मेरा भारत, मेरा वोट रखा गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर अशोक पाल सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में भारतीय नागरिक, भारत की शासन व्यवस्था, संविधान और निर्णयों में सर्वोच्च स्थान और केंद्र बिंदु भारत की जनता है, जो लोकतंत्र की नींव है।

इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर अशोक पाल सिंह, डॉक्टर कमलकांत बरुआ, इसराना खातून, प्रतिभा, जितीन शर्मा, पिंकी, आरती, खुशी, पायल, शिवा, वंश, कृष्णा, सिराज, वसीम, अलवीरा, फारिया आदि ने प्रतिभाग किया। वहीं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ और युवा मतदाताओं को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

## चौमूं विधानसभा क्षेत्र में दस उचित मूल्य की दुकानें हुई स्वीकृत

**चौमूं (हमारा वतन)**

**पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जताया आभार**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में दस नवीन उचित मूल्य दुकान की स्वीकृति जारी की गई है। विगत दिनों पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को पत्र लिखकर कर नवीन उचित मूल्य दुकाने खोलने की माँग की थी। जिस पर क्षेत्र में हाडौता अंजनी हनुमान मंदिर के पास, कालाडेरा-दूतों की ढाणी, आलीसर- कुमावतों की ढाणी, मण्डा-भिण्डा मीणों की ढाणी, अनन्तपुरा- बड़कोलाई की ढाणी, मोरीजा- खातियों की ढाणी, कुशलपुरा- बांसा खाल्डा, भोपावास- आंतेर माता के पास, डोला का बास- तोफान मीणा की ढाणी, हस्तेडा- वार्ड नं. 02 कुमावतों की ढाणी, शिव नगर हस्तेड़ा में नवीन दुकान स्वीकृत की है।



पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र में दस नवीन उचित मूल्य की दुकानों की स्वीकृति मिली है, जिससे आमजन को उपभोक्ताओ को राशन आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।






## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पायल सैनी को जिला स्तरीय सम्मान

**सीकर (हमारा वतन)।** श्रीमती चन्दा देवी मोदी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गुहाला की छात्रा पायल सैनी ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा सत्र 2024-25 में 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तरीय मैरिट में स्थान बनाया है। पायल सैनी, पिता नेकी राम सैनी, निवासी झांकड़ा ने कक्षा 8 तक हिंदी माध्यम के राजकीय विद्यालय में अध्ययन किया तथा कक्षा 9 से अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश लिया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय लाड़ो सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर, सीकर द्वारा छात्रा को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से

सभी देशवासियों को

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं !

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**राजस्थान खादी विकास मण्डल**

गोविंदगढ़ - मलिकपुर, जिला - जयपुर (राजस्थान)
पिन-303712, संपर्क -7597928160

खादी आर्थिक आज़ादी की प्रतीक है,
खादी वर्गभेद को मिटाती है

खादी व ग्रामोद्योग अपनाइए, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

**संस्था के बिक्री केन्द्र**

खादी भण्डार, बापू बाजार- उदयपुर, खादी भण्डार, एम. आई. रोड-जयपुर, खादी भण्डार- सीकर, खादी भंडार- रेनवाल, खादी भण्डार - नवलगढ़, खादी आश्रम - सांभर लेक, खादी आश्रम - दांतारामगढ़, खादी आश्रम -बांसा और खादी आश्रम -गोविंदगढ़।

संस्था के मुख्य उत्पाद - सूती खादी, दरी कामदार, ऊनी खादी - जेंट्स शॉल, लेडीज़ शॉल, ट्वीड व रेडीमेड।
पोलिवस्त्र - टीटी, शर्टिंग गाढ़ा ।
अखाद्य तेल से निर्मित कपड़े धुलाई का साबुन
और सभी प्रकार का स्टील फर्नीचर।

कृपया हमारे उपरोक्त भंडारों से खादी व ग्रामोद्योग खरीद कर अनुग्रहित करें।

निवेदक - समस्त संस्था परिवार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान**

सरकारी स्कूल के पीछे,बुनकर बस्ती,कंवरपुरा कुम्भपुरिया,
तहसील-चौमूं, जिला-जयपुर (राज.) -303804,
संपर्क -9799659939

**बिक्री केंद्र**

कुम्भपुरिया,चौमूं, जयपुर (राज.), शिकारगढ़ ,जोधपुर (राज.),

प्रमुख उत्पाद - सूती खादी, ऊनी, रेशमी, पोलिवस्त्र एवं ग्रामोद्योग उत्पाद ।

हर हिन्दुस्तानी का एक ही नारा
खादी वस्त्र के साथ विचार हमारा !

संरक्षक - ओमकार मल गहलोत

अध्यक्ष - गंगाराम वर्मा
मंत्री - पूरणमल बुनकर
कार्यालय मंत्री- अंकित बुनकर
व्यवस्थापक - हीरा देवी

Khadi For Nation

खादी भारत
Khadi India

Khadi For Fashion

# राईटर्स क्लब जयपुर ने आयोजित किया एक संवाद डॉ.परिक्षित सिंह के साथ

**जयपुर (हमारा वतन)**

राईटर्स क्लब जयपुर के तत्वावधान में भारत व अमरीका के दर्शन, साहित्य, चिकित्सा सेवा तथा समाज के सांस्कृतिक परिवेश के वर्तमान एवं भविष्य पर चर्चा के लिए आयोजित 'एक संवाद डॉ.परिक्षित सिंह के साथ' में जयपुर, (भारत) के मूल निवासी डॉ. परिक्षित सिंह ने संस्था के अध्यक्ष लोकेश कुमार सिंह साहिल के साथ संवाद में कहा कि आज का भारत विकसित भारत है और इसका भविष्य उज्जवल है मगर साहित्य की दृष्टि से देखें तो आज भारत पहले के भारत से बहुत पिछड़ रहा है। इसका ग्राफ नीचे गया है। यह देश कभी ज्ञानियों, ऋषियों, महर्षियों के मार्गदर्शन पर चलता था, इसका आज अभाव है। भारत आज नई पाश्चात्य सभ्यता की ओर बढ़ रहा है।

लोकेश कुमार साहिल के एक प्रश्न के जवाब में परिक्षित सिंह ने बताया कि आज का जयपुर अपना पुराना वैभव खोता जा रहा है जिस स्मार्ट सिटी की हम बात करते हैं वह



जयपुर स्थापना के समय से ही पहला स्मार्ट सिटी था। हम विकास की चाह में अपना सौन्दर्य संभाल नहीं पाये।

धर्म और आध्यात्म में क्या अन्तर है के संवाद में डॉ.परिक्षित सिंह ने कहा कि जो धर्म को धारित करे वह धर्म है। राजनीति एक अल्पकालीन धर्म है जबकि धर्म दीर्घकालीन है। वे अरविन्दों के राष्ट्रधर्म और भारतीय संस्कृति के पोषक होने के कारण उनकी ओर बढ़े।

इस अवसर पर डॉ. सिंह के पिता स्व. सत्यनारायण सिंह के उपर लिखी उनकी कविताओं के संग्रह 'सत्य' नामक पुस्तक का विमोचन डॉ. परिक्षित सिंह, लोकेश कुमार सिंह साहिल, अध्यक्ष राईटर्स क्लब, आर. एस. जाखड, पूर्व आई ए एस, फारूख आफरीदी साहित्यकार, सुनील प्रकाश शर्मा ए.सी.पी., सुभाष शर्मा पत्रकार, सीताराम सैनी अभियंता तथा डॉ. रिपुन्जय सिंह द्वारा किया गया।

# आनंद एक एहसास संगीत संध्या की तैयारियां जोरों पर

**जयपुर (हमारा वतन)**

गुलाबी नगर जयपुर की सामाजिक और सांस्कृतिक समिति जयपुर कल्चर सोसायटी द्वारा लगातार प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में 15 मार्च 2026 को 'आनंद एक एहसास-सीजन 8' संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।

जयपुर कल्चरल सोसायटी की अध्यक्ष और कार्यक्रम आयोजक कंचन आनंद ने बताया कि समिति के संस्थापक स्वर्गीय डॉक्टर आनंद के गंगवार की स्मृति में यह संगीत संध्या आयोजित की जा रही है। यह संगीत संध्या पवन डांगी और उनकी टीम द्वारा लाइव बैंड पर आयोजित होगी।

कार्यक्रम जयपुर स्थित विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप



ऑडिटोरियम में शाम 5:30 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। संगीत प्रेमियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। सभी सिंगर्स जबरदस्त रिहर्सल कर रहे हैं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

**संस्था के केन्द्र**

उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वाबलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**

कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

## जॉब्स

1. आरएसएमएसएसबी, पद वनपाल, पद संख्या 259, अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026
2. आरएसएमएसएसबी, पद महिला सुपरवाइजर, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 5 फरवरी 2026
3. सुप्रीम कोर्ट, पद लॉ क्लर्क, पद संख्या 90, अंतिम तिथि 7 फरवरी 2026
4. आरएसएमएसएसबी, पद लिपिक ग्रेड सेकंड/ कनिष्ठ सहायक, पद संख्या 10644, अंतिम तिथि 13 फरवरी 2026
5. उत्तर प्रदेश पुलिस, पद कांस्टेबल, पद संख्या 32689, अंतिम तिथि 30 जनवरी 2026
6. आरएसएमएसएसबी, पद एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, पद संख्या 1100, अंतिम तिथि 11 फरवरी 2026
7. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, पद ऑफिस अटेंडेंट, पद 572, अंतिम तिथि 4 फरवरी 2026
8. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 2 मार्च 2026



## अजय चौहान बने राजस्थान प्रदेश सचिव

**जालोर (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया की सहमति से राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा एवं राजस्थान प्रदेश महामंत्री देवी लाल बैरवा ने अजय चौहान गांव सरदारगढ, जिला जालोर की प्रान्त में सामाजिक क्षेत्रों में अपनी सक्रियता एवं योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति विकास परिषद राजस्थान में प्रदेश सचिव राजस्थान के पद पर नियुक्त किया गया है।

अजय चौहान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मांगरिया, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष जगदीश मीणा, राजस्थान प्रदेश महामंत्री देवी लाल बैरवा ने धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है।



## नहीं रहे गुरुकृपा पवित्र भोजनालय के संस्थापक सूरजमल बागवान भगत

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के जयपुर रोड, दुर्गा माता मंदिर के पास स्थित गुरुकृपा पवित्र भोजनालय के संस्थापक और अखिल भारतीय सांगलिया धूणी सीकर के शिष्य सूरजमल बागवान (सैनी) भगत नहीं रहे। 25 जनवरी को प्रातः 3 बजे 65 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार करीब 1 महीने से आँतों और पेनक्रियाज की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। आज 25 जनवरी 2026 को प्रातः 3 बजे जयपुर स्थित दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। ज्यादा तबीयत खराब होने पर डॉक्टर्स ने उनको दो दिन से वेंटिलेटर पर रखा था। हर प्रकार की कोशिश के बावजूद उनको नहीं बचाया जा सका।

उनके शिष्य मुरलीधर बर्रा ने बताया कि सूरजमल बागवान अपने पीछे चार बेटे और दो बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। चौमूं में स्वाद और शुद्धता के लिए प्रसिद्ध गुरुकृपा पवित्र भोजनालय की नींव वर्ष 2012 में रखी थी। अब भोजनालय की कमान उनके बेटे शंकर लाल सैनी और ताराचंद सैनी संभाल रहे हैं। वहीं एक पुत्र जुगल सैनी फर्नीचर का काम करता है और सबसे छोटा पुत्र रामावतार सैनी नर्सिंग ऑफिसर है।

गौरतलब है कि ग्राम मोरीजा निवासी सूरजमल सैनी भोजनालय के साथ-साथ समाजसेवा और गायन (भगताई) करने का काम भी करते थे। राजस्थान की पारंपरिक भगताई के लिए दूर-दूर तक जाते थे। इनका यूट्यूब पर सुरजमल बागवान मोरीजा के नाम से चैनल भी है। जिसमे 57 वीडियो अपलोड हैं। निधन की सूचना पर परिवारजन, रिश्तेदारों और उनके शिष्यों में दुख की लहर है। समाजसेवियों, धर्म गुरुओं, राजनीतिज्ञों, शिक्षकों और चिकित्सकों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

# राजस्थान खादी संघ

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

**देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए**

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❐ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्ड़ार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।

❐ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**

सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

**ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष** | **गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री**
**चमेल सिंह : उपाध्यक्ष** | **महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री**

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

# ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा

**(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518**

❈ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❈ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❈ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❈ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❈ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❈ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❈ खादी निकेतन, बागीदौरा
❈ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

**सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल**

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष | **स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता** | इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

# हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**

❐ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❐ खादी भण्डार बूंदी ❐ खादी भण्डार झालावाड़ ❐ खादी भण्डार बारां ❐ खादी भण्डार इटावा ❐ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❐ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**

- खादी आश्रम कोटा
- खादी आश्रम बूंदी
- खादी आश्रम मांगरोल
- खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

**रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष** | **कमल किशोर शर्मा - मंत्री**
**राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष** | **प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक**

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

# खादी ग्रामोद्योग भण्डार



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

**हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें**

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !

# लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

**हमारे खादी उत्पादन**

दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

**ग्रामोद्योग उत्पाद**

शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

**हमारे बिक्री भण्डार :** ▪ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
▪ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ▪ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष | धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष | राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## विमानन में अधिक प्रतिस्पर्धा की जरूरत

बढ़ती जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय, बढ़ती मध्यम वर्ग की संख्या, बदलता जनसंख्या का स्वरूप और युवाओं की बढ़ती आबादी, स्टार्टअप और उद्यमिता का विकास, सरकारी कर्मचारियों की बेहतर होती आर्थिक स्थिति समेत कई ऐसे कारण रहे, जिसके कारण वायु यात्रा की मांग में वृद्धि होती रही। विमानन को गति देने में सरकारी नीतियां भी सहायक रही। निजी क्षेत्र को एयरपोर्ट बनाने हेतु प्रोत्साहन, नीतिगत सरलता आदि सभी ने भारत के विमानन क्षेत्र को नए पंख दे दिए। भारत में घरेलू यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती रही और पिछले वर्ष 2024 में यह संख्या 16.13 करोड़ यात्री रही। यदि अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को मिला लें तो कुल 37.6 करोड़ यात्रियों ने भारत में यात्रा की। अकेले मार्च 2025 में यह संख्या 145 लाख तक पहुंच चुकी थी। पिछले 11 वर्षों में एयरपोर्टों की संख्या 2014 में 74 से बढ़ती हुई अभी तक 160 से अधिक पहुंच चुकी है। वायु मार्ग के यात्रियों की संख्या की दृष्टि से भारत आज दुनिया में तीसरे स्थान पर है। निजीकरण के दौर में विमानन क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एयर इंडिया के एकाधिकार के समाप्त होने के बाद, देश में निजी विमानन कंपनियों का दौर आया। इसके साथ ही विमान यात्रा, जो केवल धनी लोगों की पहुंच में थी, अब आम आदमी की पहुंच में आ गई। कैप्टन गोपीनाथ, जो एक मध्यमवर्गीय परिवार से आते थे, विमानन क्षेत्र में निजी क्षेत्र के हस्ताक्षर के रूप में स्थापित हो गए और उनकी कंपनी एयर डैक्कन किफायती एयर लाईन के रूप में स्थापित हो गई। हालांकि विमान किरायों को सीमित करने के उद्देश्य से विमान यात्रा के दौरान भोजन सुविधा आदि में कटौती की गई थी, लेकिन साथ ही साथ जहां किराया 5000 से 10000 रुपए तक होता था, अब उसी यात्रा के लिए किराया 1000 रुपए से 2500 रुपए तक सीमित हो चुका था। धीरे-धीरे कर अधिक कंपनियां विमानन क्षेत्र में आने लगी थी। दुनिया में विमानन उद्योग की बारीकियों को भारत के नए उद्यमी समझ चुके थे। बढ़ती जीडीपी और बढ़ती क्रय क्षमता ने विविध क्षेत्रों में मांग को बढ़ाया ही, विमान यात्रा की मांग भी उससे अछूती नहीं थी। छोटे शहरों में भी आबादी बढ़ी और कई शहर जिसमें आबादी पहले कम थी, अब वहां भी आबादी पहले ज्यादा बढ़ चुकी थी। 2001 में भारत में 35 शहर ऐसे थे जहां आबादी 10 लाख या उससे अधिक थी, लेकिन आज ऐसे शहरों की संख्या बढक़र 75 से 80 हो चुकी है।



राम गोपाल सैनी

**विमानन विस्तार के साथ बढ़ता एकाधिकार**-यात्रियों की संख्या की दृष्टि से विमानन क्षेत्र के विस्तार का संकेत तो मिलता ही है, जब वर्ष 2023 में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा एक हजार से अधिक विमान खरीदने के ऑर्डर दिया गया तो दुनिया चकित रह गई। गौरतलब है कि प्रारंभिक दौर में इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के कारण हवाई किराये बहुत कम थे और एक बार तो ऐसा अवसर आया कि हवाई यात्रा और रेल यात्रा के बीच प्रतिस्पर्द्धा शुरू हो गई। ऐसे में यात्रियों को सुविधा भी मिली और किफायत भी हुई। एक तरफ भारत में विमानन क्षेत्र में विस्तार अभूतपूर्व है, तो दूसरी तरफ एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी क्षेत्र, अब एकाधिकार में बदलता जा रहा है। इस क्षेत्र में कुछ कंपनियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। कोविड महामारी के दौरान विमानन कंपनियों की आर्थिक सेहत बिगड़ी। इस समस्या से इंडिगो और एयर इंडिया और उसकी सहयोगी विमानन कंपनियां तो निपट पायी, लेकिन गो-फर्स्ट और स्पाइसजेट इन दो कंपनियों को भारी नुकसान हुआ। गो फर्स्ट एयरलाइंस, जो 8 प्रतिशत बाजार हिस्से के साथ भारत की चौथी सबसे बड़ी एयरलाइन थी, वित्तीय मुश्किलों के कारण दिवालिया हो गई। हालांकि, शुरुआत में इसकी मुश्किलें वित्तीय से ज्यादा तकनीकी थीं, जिसके लिए इंजन सप्लाई करने वाली कंपनी 'प्रैत एंड व्हाइटनी इंजीन्स' मुख्य रूप से जिम्मेदार रही। यह कंपनी एयरबस ए-320 नियो एयरक्राफ्ट के लिए इंजन सप्लाई करती है।

# राजस्थानी फिल्म सांप सीढ़ी का हुआ भव्य मुहूर्त

**जयपुर (हमारा वतन)**

राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 जारी की है, जिसके तहत राजस्थान में फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स की शूटिंग पर 30प्रतिशत तक की सब्सिडी (अधिकतम सीमा के अधीन) और अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाते हैं, ताकि राज्य को फिल्म निर्माण का केंद्र बनाया जा सके। फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन पॉलिसी जारी करने के बाद कई राजस्थानी फिल्मों का अनाउंसमेंट हुआ है।

इसी कड़ी में राजधानी जयपुर के चौमूं तहसील में राजस्थानी फिल्म 'सांप सीढ़ी' का मुहूर्त हुआ है। सर्वप्रथम विद्वान पंडितों द्वारा पूर्ण विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ फिल्म की सफलता को लेकर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात राजस्थानी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक उग्रसेन तंवर ने क्लेप देकर फिल्म का मुहूर्त किया।



फिल्म का निर्माण रंगीलो राजस्थान प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। अभिनेता उग्रसेन तंवर ने कहा कि कई दशकों से में राजस्थानी फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहा हूं। राजस्थानी सिनेमा को आगे बढ़ाने के लिए मैं हमेशा तैयार हूं। मुझे जब भी याद करेंगे मैं इनको उपलब्ध रहूंगा।

फिल्म के डायरेक्टर लकी राजस्थानी ने बताया कि राजस्थानी भाषा की यह पहली बड़ी फिल्म होगी, जिसे आधुनिक तकनीक से बनाया जाएगा।

साथ ही राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकार इसमें अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आएंगे। फिल्म का कर्णप्रिय संगीत म्यूजिक डायरेक्टर अनुज द्वारा तैयार किया गया है।

फिल्म के मुख्य कलाकार शंकर, पूजा और करण हैं। मुहूर्त कार्यक्रम के दौरान राकेश यादव, दीपक सिंह, राजेश बुनकर, प्रिया यादव सहित कई कलाकार मौजूद रहे।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर/पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई-कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !
क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित
भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए
''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''
- महात्मा गांधी
11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)
सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत
रामदास शर्मा
अध्यक्ष
अनिल शर्मा
मंत्री

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !
अंबेडकर विकास समिति चौमूं
जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार
1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001
हमारे उत्पाद
दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान
मोहन लाल बुनकर
अध्यक्ष
रामजी लाल वर्मा
मंत्री
शंकर लाल वर्मा
सहा. मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।